Bhatia Electricals
Deals in: All Types of Electrical Items, Computer, Mobile, Kitchen Accessories, Home and Personal Care Appliances on Wholesale Rate.
Jalbera Road Ambala City
98965-15980

खबरें छुपाता नहीं छापता है
अंबाला का नं. 1
सिटी मीडिया
सांध्य दैनिक
छात्रों की सहायता ही सिटी मीडिया का उद्देश्य

Surya College of Education
Village Bhanokheri, Ambala City
Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra
Admission Open for B.Ed. (Bachelor of Education)
For Admission Query, Contact: 9416172543 9896361077

DR. NUPUR MITTAL
(MBBS, MRCGP, D GERIATRIC, D DIABETES, DRCOG, DFSRH, BMS)
DIABETES & ENDOCRINOLOGY CLINIC
LATEST TEREATMENT FOR ALL TYPES OF (शुगर) DIABETES AND ENDOCRINOLOGY PROBLEMS PCOS. ALL AGE GROUPS AS WELL
BADA THAKUR DWARA, NEAR JP HOSPITAL: 9996212127

विज्ञापन दाता कृप्या ध्यान दें
यह स्थान मासिक विज्ञापन के लिए खाली है।
अपना विज्ञापन आज ही बुक कराएं
Rs. 16000
संपर्क करें 94165-33033

R.N.I.No.71215/98 ♦ वर्ष: 29 अंक: 162 शनिवार, 21नवंबर 2026 ♦ मूल्य:1.50 रुपये (मासिक 40 रुपये) E-mail:citymedia1@gmail.com/ Website : www.citymediaambala.com / City Media Office Manav Chowk,Ambala /City 94165-33033

सिटी मीडिया के मुख्य संपादक नरेंद्र सिंह भाटिया को जन्मदिन की बधाई देने वालो का लगा तांता

अंबाला (सिटी मीडिया परिवार) शहर के अनेक गणमाणय लोगो की ओर से आज सिटी मीडिया के मुख्य संपादक नरेंद्र सिंह भाटिया 94165-33033 को 75 वें जन्मदिन के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

इस खास मौके पर उनके शुभ चिंतको ने उनके स्वस्थ, सुखमय और दीर्घायु जीवन की कामना की। नरेंद्र सिंह भाटिया का अनुभव, मेहनत, लगन और दूरदर्शी सोच संस्थान की सबसे बड़ी ताकत है। उनके कुशल मार्गदर्शन में सिटी मीडिया ने पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनका उद्देश्य हमेशा समाज की आवाज को बुलंद करना और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाना रहा है।



सिटी मीडिया आज केवल एक अखबार या वेब चैनल नहीं, बल्कि अंबाला के हजारों पाठकों और दर्शकों का अपना परिवार बन चुका है। इस उपलब्धि के पीछे भाटिया जी का निरंतर प्रयास, संघर्ष और पत्रकारिता के प्रति समर्पण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

आज सिटी मीडिया कार्यालय में आए कई शुभ चिंतको ने कहा कि उनका स्नेहपूर्ण व्यवहार और नेतृत्व सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके मार्गदर्शन से टीम को नई ऊर्जा और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

इस अवसर पर सिटी मीडिया परिवार ने ईश्वर से प्रार्थना की कि नरेंद्र सिंह भाटिया के जीवन में हमेशा खुशियां बनी रहें और वे इसी तरह समाज एवं पत्रकारिता की सेवा करते रहें। सिटी मीडिया परिवार की ओर से आदरणीय नरेंद्र सिंह भाटिया को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं।

पी.के.आर. जैन वाटिका स्कूल में अंतरविद्यालय खेल प्रतियोगिता आयोजित



अंबाला (सिटी मीडिया) पी.के.आर. जैन वाटिका में आज अंतरविद्यालय खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अंबाला कैंट एवं अंबाला शहर के लगभग 38 विभिन्न विद्यालयों के 450 नन्हे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में 3 से 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों ने अपनी प्रतिभा, ऊर्जा और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में NISA के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. कुलभूषण शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अंबाला के बाल विकास अधिकारी विश्वास मलिक उपस्थित रहे। अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तथा नन्हे प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर संस्था के प्रेसिडेंट धर्मपाल जैन, सेक्रेटरी अमन जैन, कन्वीनर अमृतलाल जैन, को-कन्वीनर नितिन जैन, एग्जीक्यूटिव मेंबर्स अमित जैन, कशिश जैन एवं राजेश जैन, स्पोर्ट्स कमेटी के कन्वीनर भाविक जैन तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मिनी सपरा भी उपस्थित रहीं। सभी पदाधिकारियों ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं आयोजकों को स्पोर्ट्स डे की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता में नर्सरी, एल.के.जी. और यू.के.जी. के बच्चों ने विभिन्न मनोरंजक दौड़ एवं खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने पूरे उत्साह, आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। **कार्यक्रम का विशेष आकर्षण अध्यापकों की दौड़ प्रतियोगिता रही, जिसने आयोजन में मनोरंजन और रोमांच का नया रंग भर दिया। कोन एल्बो बैलेंसिंग रेस में ग्लोबल प्ले स्कूल की हानिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हैप्पी स्टार किड्स के शिवांश ने द्वितीय तथा ऑलिव ग्रीन स्कूल के गुरिक ने तृतीय स्थान हासिल किया।** विजेता प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा और संतुलन कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। यह आयोजन खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का सुंदर उदाहरण बना। प्रतियोगिता ने नन्हे बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने और खेलों के प्रति रुचि विकसित करने का एक बेहतरीन मंच प्रदान किया। पूरा आयोजन उत्साह, उमंग और उल्लास से सराबोर रहा तथा सभी के लिए यादगार बन गया।

वही द शीशूवन प्री स्कूल, मिलाप नगर की इंचार्ज निधि राठी ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को खेलों की भी जानकारी दी जाती है। उन्होंने बताया कि आज सुबह से ही इस प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में भारी उत्साह था। उन्होंने कहा कि बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और पदक भी जीते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे स्कूल में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। यही कारण है कि यह स्कूल अभिभावकों की पहली पसंद बना हुआ है।



निधि राठी

क्या आपके गली मोहल्ले में ऐसा कोई जरूरतमंद है जो सांय 5 बजे से 6 बजे तक सिटी मीडिया अखबार बांटकर 3 से 4 हजार रुपये मासिक कमा सकता है।
संपर्क करें-
94165-33033

SUPER ONE PROPERTIES
- 109 Gaj House For Sale in Sonia Colony
- 172 Gaj Plot In Sector 8
- 160 Gaj Plot In Sector 10
- 6 Kanal Land For Sale in Nasirpur
- 150 Gaj Plot For Sale In Vatika
- 131 Gaj Plot For Sale in Mahira Utsav Sector 26
- 155 Gaj Plot For Sale In Sai Residency Sector 26

SHOP NO. 6, MANAV CHOWK, HISSAR ROAD, AMBALA CITY
(M) ASHISH SETHI 80534-64321, 79889-49450, SHIVAM SETHI 99966-66991

PRAYAS PARAMEDICAL INSTITUTE, A/CITY
Admission Open

B.Voc / Diploma Courses	Certificate Courses
Medical Laboratory Technology	Medical Laboratory Technology
Physiotherapy	Physiotherapy Assistance
Nutrition & Dietetics	Radiology Techniques
Hospital Administration	Pharmacy Assistance
Diploma in Pharmacy	X-ray Technology
	Diploma in Nursing Assistant

Cont: 87081-13413

चंडीगढ़ से नेपाल घूमने निकले पर्यटकों को अंबाला में बीच रास्ते उतारा



अंबाला (सिटी मीडिया) अंबाला शहर के अनाज मंडी मनेपाल और नैमिषारण्य घूमकर लौट रहे यात्रियों ने ट्रैवल एजेंसी और बस चालक पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। यात्रियों के अनुसार, नौ दिन का टूर पूरा होने के बाद दसवें दिन घर वापसी के दौरान उन्हें बिना पूर्व सूचना के बीच रास्ते में उतार दिया गया।

यात्रियों ने आरोप लगाया कि चालक ने बिना बताए बस बदलने की जानकारी दी और अंबाला शहर के एक अंदरूनी इलाके में बस खड़ी कर दी। इसके बाद बस में खराबी बताकर बिना अनुमति सामान उतारना शुरू कर दिया, जिससे बैग सहित अन्य सामान को नुकसान पहुंचा। यात्रियों का कहना है कि उन्हें दो से ढाई घंटे तक इंतजार करना पड़ा और आगे की टैक्सी बुकिंग भी रद्द हो गई। मामले की सूचना डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

चौकी नंबर पांच के जांच अधिकारी रणदीप सिंह ने बताया कि चालक की मुख्य कमी यात्रियों को पहले सूचना न देना रही। आगे के सफर के लिए छोटी गाड़ी की व्यवस्था की गई थी, लेकिन यात्रियों की संख्या अधिक थी। पुलिस ने लिखित शिकायत मांगी है।

2,651 राशन डिपो के लिए आवेदन की तारीख बढ़ी

अंबाला (सिटी मीडिया) हरियाणा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने राज्य में 2,651 रिक्त राशन डिपो के लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 नवंबर से बढ़ाकर 25 नवंबर कर दी है। मुख्यमंत्री ने 10 अक्टूबर को आवेदन पोर्टल का शुभारंभ किया था। योजना का उद्देश्य पात्र परिवारों को आसानी से राशन उपलब्ध करवाना, युवाओं को स्वरोजगार के अवसर देना और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करना है। इच्छुक एवं पात्र आवेदक हरियाणा अंत्योदय सरल पोर्टल http://sar-alharyana.gov.in के माध्यम से 25 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। विभाग ने युवाओं और महिलाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

राजकीय सम्मान के साथ फूल चंद मुलाना को नम आंखों से दी अंतिम विदाई



अंबाला (सिटी मीडिया) हरियाणा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी फूल चंद मुलाना का आज अंबाला शहर स्थित रामबाग में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दुखद घड़ी में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेंद्र हुड्डा सहित अनेक विधायक व राजनेता मौजूद रहे। इस दुखद घड़ी में राजनीतिक, सामाजिक और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अनेक लोगों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके अंतिम दर्शन के दौरान माहौल गमगीन रहा। 85 वर्षीय चौधरी फूल चंद मुलाना का कल सुबह करीब 9 बजे मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में निधन हो गया था। वे लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। उनके निधन की खबर से हरियाणा कांग्रेस की राजनीति में शोक की लहर दौड़ गई। आज रामबाग अंबाला शहर में 12 बजे उनका अंतिम संस्कार किया गया। लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। चौधरी फूल चंद मुलाना हरियाणा कांग्रेस के सबसे लंबे समय तक प्रदेशाध्यक्ष रहने वाले नेताओं में शामिल थे। उन्होंने अगस्त 2007 से फरवरी 2014 तक करीब साढ़े छह वर्ष प्रदेश कांग्रेस की कमान संभाली। वे चार बार विधायक चुने गए और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे। उनके बेटे वरुण चौधरी वर्तमान में अंबाला से कांग्रेस सांसद हैं, जबकि बहू पूजा चौधरी मुलाना विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

The Shishuvann
PRESCHOOL
Small Steps... Big Dreams...
Admissions Open
Day Care | Playway | Nursery | LKG | UKG
Nature World | Swimming Pool | Joy Train | Sand Play | Creative & Fun Learning
51, Milap Nagar, Manav Chowk, Ambala City | 9896074111

आवश्यकता है
डोर टू डोर सिटी मीडिया अखबार की बुकिंग के लिए लडकों की जिसने पहले भी अखबार बुकिंग का काम किया हो।सुबह 9 से 6 बजे तक सैलरी-10,000 सपंर्क करें-
98967-72006



अंबाला शहर के जीटी रोड पर राम मंदिर परिसर में शिलान्यास एवं भूमि पूजन समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सैनी का स्वागत करते अंबाला के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं राजन साड़ी के मालिक मनोहर लाल सचदेवा ,डीसी सचिन अंबाला व अन्य भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता।

SWADISHT KADI CHAWAL
— अंबाला कैंट में सबसे मशहूर कढ़ी चावल वाले —
Fresh • Tasty • Desi Swad
8901188666 | 7988059082 NOW OPEN
Booth No. 94, Behind Galaxy Mall Near Jain Chat Corner, Sec 7, Ambala City
FREE DELIVERY ON ORDER ABOVE ₹499 WITHIN 3 KM
Swadisht Kadi Chawal - Ab Ambala City Me!
22/10-21/11

HIIT
BOARD OF OPEN SCHOOLING & SKILL EDUCATION
हार नहीं मौका मिला है
ADMISSIONS OPEN
OPEN SCHOOLING FOR 10TH & 12TH
OUR SERVICES :
E-Learning
Flexible Age
All Streams Available
Enroll Now
CONTACT US: +91 91389-76929 EMALL AT: ADMISSION@HIITAMBALA.COM
ADDRESS: HARTRON BUILDING, NEAR AGGARSAIN CHOWK, ADJ AMBALA HISAR FLYOVER, 134003, HARYANA

दादी के अंतिम संस्कार के बाद अमृतपाल को वापस डिब्रूगढ़ जेल ले जा रही पुलिस

अमृतसर (सिटी मीडिया) खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह अपनी दादी चरण कौर के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। पंजाब पुलिस उन्हें असम की डिब्रूगढ़ जेल से तीन घंटे की कस्टडी पैरोल पर अमृतसर लेकर आई। शनिवार सुबह दिल्ली से अमृतसर पहुंचने के बाद उन्हें बुलेटप्रूफ गाड़ी में पैतृक गांव जल्लूपुर खेड़ा ले जाया गया। यहां उन्होंने करीब एक घंटे परिवार के साथ बिताया और दादी की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। अंतिम संस्कार के दौरान समर्थकों ने उन पर फूल बरसाए। अमृतपाल को पहले दिल्ली के सेफ हाउस में रखा गया था। असम से पंजाब लाने और वापस ले जाने का करीब 10 लाख रुपये खर्च परिवार ने वहन किया। अमृतपाल पिछले साढ़े तीन साल से असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं। अजनाला थाने पर हमले के मामले में गिरफ्तारी के बाद उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत असम भेजा गया था। अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद पुलिस उन्हें वापस जेल ले जा रही है।

Board of Open Schooling & Skill Education
(Established by Govt. of Sikkim as per Act No. 14 of 2020)
ADMISSION OPEN
8वीं व 9वीं फेल — 10वीं करें
11वीं फेल — 12वीं करें
Exam April 2027
अब घर बैठे-बैठे ऑनलाइन 10वीं व 12वीं पास करें
मार्कशीट पूरे भारत में व पासपोर्ट के लिए मान्य होगी
HKCL, 891, Sector-7, Urban Estate, Ambala City- 89500-16891, 93158-09001
18-10/17-11

ARVIND
Exchange+Loan Mela
पुराना लाओ, नया पाओ OFFER
15000/- तक का Heavy Discount
SONY | SAMSUNG | IFB | Haier | LG | LLOYD | TCL | Godrej | VOLTAS | BOSCH | Whirlpool | BLUE STAR | DAIKIN
सब से कम दाम ONLY AT
Prem Nagar, A/City 90503-00786
Mahesh Nagar, A/Cantt 94160-89479